>

Title : Need to set up additional model schools in Barmer and Jaisalmer districts of Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर जैसलमेर जिलों की विशेष भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त मॉडल स्कूल स्वीकृत किये जाने की आवश्यकता है। इन जिलों का क्षेत्रफल क्रमशः 28393 एवं 39313 वर्ग कि.मी.. है। वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार बाड़मेर जिले की जनसंख्या 2604453 है। इस क्षेत्र में सर्व शिक्षा एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संचालित होते हुए भी साक्षरता दर 57.49 प्रतिशत है उसमें भी महिला साक्षरता दल मात्र 41.03 प्रतिशत है। बाड़मेर जिले में आठ पंचायत समिति क्षेत्र हैं। मेरी जानकारी के अनुसार जिले के लिए मात्र छः मॉडल स्कूल खोला जाना प्रस्तावित है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस सीमावर्ती क्षेत्र की भौगोलिक स्थितियां, जनसंख्या एवं कम साक्षरता दर जैसी विशेष परिस्थितियों को देखते हुए ब्लॉक मुख्यालय के अतिरिक्त मॉडल विद्यालय खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की जाए।